दैनिक भास्कर 12/10/2025

# पोस्टर मेकिंग में स्नेहा और दीप्रा रहे प्रथम

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विभाग ने



एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई। विद्यार्थियों ने प्रदूषण, समुद्री जीवन पर प्रभाव, जैव विविधता की हानि और स्थायी विकल्पों जैसे विषयों पर पोस्टर बनाकर प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को रेखांकित किया। संयोजिका डॉ. शिखा जग्गी ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों की सोच और उनके पर्यावरणीय दृष्टिकोण को मजबूत करती हैं। निर्णायक मंडल में डॉ. कुलदीप यादव व डॉ. मीनू राठी शामिल रहे। प्रतियोगिता में स्नेहा व दीप्रा प्रथम, पायल व राजनंदिनी द्वितीय और लवली व खुशी तृतीय रहे। नेहा व अर्चना को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विजेताओं को बधाई दी।